an>

Title: Regarding augmentation of railway facilities in Allahabad Division.

श्री केशव प्रसाद मौर्य (फूलपुर): महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं इलाहाबाद जनपद फूलपुर लोक सभा क्षेत्र से चुनकर आता हूँ। मेरे लोक सभा क्षेत्र में रेलवे से जुड़ी हुई बहुत सारी समस्याएं हैं, उनकी तरफ मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ।

इलाहाबाद में रेल यातायात बहुत अधिक व्यस्त है। इलाहाबाद से होकर मुंबई की ट्रेनें, हावड़ा की ट्रेनें और कई तरफ की ट्रेनों के आवागमन के कारण इतनी व्यस्तता रहती है कि पिछले मार्च के महीने में 45 ट्रेनें मेरे जिले के अन्दर निरस्त की गई, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मैं इस समस्या से मुक्ति के लिए सरकार से आग्रह करूँगा कि इलाहाबाद में प्रयाग घाट टर्मिनल के निर्माण का कार्य प्रारम्भ हो गया है, उसे तेजी से कराया जाए। रामबाग, छिंवकी और सूबेदारगंज में भी टर्मिनल का निर्माण कराया जाए।

प्रयाग जंक्शन में शहर की बहुत बड़ी आबादी है। वहाँ पर रेलवे ओवरब्रिज नहीं है। इसकी बहुत पुरानी माँग है। मैं सरकार से यह भी माँग दोहराता हूँ कि प्रयाग जंक्शन पर रेलवे ओवर ब्रिज बनाया जाए। झूँसी में रेलवे विश्वविद्यालय और रेल कोच फैक्ट्री बनाने की मैं माँग करता हूँ। इलाहाबाद से लखनऊ, दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बेंगलुरू और हरिद्वार के लिए नई ट्रेनों को चलाए जाने का अनुरोध करता हूँ। कौशाम्बी जनपद को गठित हुए 20 वर्ष हो गए हैं, लेकिन 20 वर्ष में वहाँ कोई रेलवे स्टेशन नहीं बना। सिराथू को जनपद का रेलवे स्टेशन बनाने का निवेदन करता हूं। अर्द्ध कुम्भ वर्ष 2018 में आने वाला है। 10 करोड़ तीर्थ यात्री आने वाले हैं। मैं निवेदन करता हूँ कि उससे पूर्व वहाँ की व्यवस्था की जाए।

माननीय अटल जी की सरकार के समय हावड़ा से दिल्ली के लिए तीसरी लाइन बनाने का काम शुरू हुआ था, रेलवे के अधिकारियों की मिलीभगत से एक फर्जी बाईपास निकाला गया और कृषि की जमीन को व्यावसायिक घोषित करके उसमें सरकारी खजाने की भारी कीमत अदा की गई। इसकी सीबीआई जाँच कराने की मैं माँग करता हूँ। आपने मुझे समय दिया, बहुत-बहुत धन्यवाद।